न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री यशार्थ शेखर, आई.ए.एस

क्रमांक रीडर/2025/ 10205

दिनांक – 31.12.25

प्रार्थीगण	बनाम	अप्रार्थीगण
1 नथाराम 2 चनणाराम 3 लुभाराम पिसरान जैराराम जाति माली निवासी प्रभुओणी मालियो का वास (कुडला) तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर।		1 जनक पुत्र नैनूराम वगैराह जाति ब्राहमण निवासी प्रभुओणी मालियो का वास (कुडला) तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर। तहसील व जिला बाडमेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, करने नेखमबन्दी बाबत

राजस्व आवेदन संख्या :–64/2022 दिनांक–

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा प्रभुओणी मालियो का वास पटवार क्षेत्र कुडला तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर के खसरा संख्या 558 रकबा 0.15 बीघा, खसरा संख्या 721/567 रकबा 46.16 बीघा, खसरा संख्या 723/559 रकबा 45.07 बीघा व खसरा संख्या 732/565 रकबा 5.04 बीघा, भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर ग्रामीण को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(यशार्थ शेखर)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

क्रमांक :– रीडर/2025/ 10206 – 10209 दिनांक– 31.12.25

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी कुडला तहसील बाडमेर ग्रामीण को लेखकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही करावें।
3. प्रार्थीगण नथाराम पुत्र लुभाराम पिसरान जैराराम जाति माली निवासी प्रभुओणी मालियो का वास (कुडला) तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर।
4. विप्रार्थीगण जनक पुत्र नैनूराम वगैराह जाति ब्राहमण निवासी प्रभुओणी मालियो का वास (कुडला) तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर।

Signature Not Verified
Digitally signed by Yasharth Shekhar
Date: 2026.01.02 12:04:24 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर